# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 02 मई 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




GK SEARCH ENGINE

Praveen Kumar Sharma



GK Search Engine

**Rajasthan Current Affairs**

**by GK Search Engine**

GET IT ON Google Play

**Download App**

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. राजस्थान में पहले चरण में कितने पंचायत मुख्यालयों पर अटल ज्ञान केंद्र के नाम से लाइब्रेरी का उद्घाटन किया जाएगा?

(A) 11000

(B) 4365

(C) 2126

(D) इनमें से कोई नही

- राजस्थान में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को अब पंचायत स्तर पर ही आधुनिक लाइब्रेरी की सुविधा मिल सकेगी।
- पहले चरण में 11 हजार पंचायतों में से राज्य के 2126 पंचायत मुख्यालयों पर अटल ज्ञान केंद्र के नाम से शुरू होने वाली लाइब्रेरी का उद्घाटन किया जाएगा।
- इस योजना के तहत ई-बुक के साथ-साथ विभिन्न भाषाओं में मैगजीन और इंटरनेट की सुविधा भी मिलेगी। ई-लाइब्रेरी का संचालन पंचायत मुख्यालय में ही भारत निर्माण सेवा केंद्र के कमरे में किया जाएगा।
- ई-लाइब्रेरी में एक बार में 20 अभ्यर्थी पढ़ाई कर सकेंगे।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

01. पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीब मुक्त गांव योजना राजस्थान में प्रथम चरण में कितने गांव में लागू होगी?

(a) 2000

(b) 3000

(c) 5000

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦राजस्थान में BPL परिवारों के लिए राजस्थान सरकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीब मुक्त गांव योजना शुरू की है

♦योजना के तहत, राजस्थान सरकार चिन्हित 5000 गांवों में बीपीएल परिवारों पर एक-एक लाख रुपये खर्च करेगी और उन्हें स्वरोजगार और आजीविका सृजन के लिए विभिन्न योजनाओं से जोड़ेगी।

♦इसके लिए 300 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह योजना पंचायती राज और ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 1 अप्रैल से पूरे राज्य में लागू की गई

♦राजस्थान में बीपीएल जनगणना 2002 के अनुसार, राज्य में लगभग 22 लाख परिवार गरीबी रेखा से नीचे रह रहे हैं।

02. हाल ही में राजस्थान में किसकी अध्यक्षता में राज्य स्तरीय सहकारिता समिति का गठन किया गया है?

(a) मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

(b) जोधपुर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी

(c) खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦राजस्थान में 30 अप्रैल 2025 को राज्य स्तरीय सहकारिता समिति का गठन किया गया है

♦इस समिति के अध्यक्ष – मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा है

♦उद्देश्य – अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उत्सव और कार्यान्वयन के लिए राज्यस्तरीय समिति का गठन किया गया।

♦ यूएनओ ने वर्ष 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया।

03. हाल ही में राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक और बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक का विलय कब से प्रभावी हुआ है?

(A) 1 मई 2025

(B) 30 अप्रैल 2025

(C) 25 अप्रैल 2025

(D) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

♦राजस्थान में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) का विलय हो रहा है।

♦एक राज्य, एक आरआरबी नीति के तहत, दो आरआरबी – राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक और बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक – को मिलाकर एक नया आरआरबी बनाया जाएगा, जिसका नाम होगा राजस्थान ग्रामीण बैंक।

♦एक राज्य एक आरआरबी' के सिद्धांत पर अमल करते हुए 26 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के एकीकरण से जुड़ा नोटिफिकेशन जारी किया। यह आरआरबी के पुनर्गठन का चौथा चरण था। यह बदलाव 1 मई 2025 से प्रभावी हुआ।

**04. जयपुर की ज़ारा स्विटेंस ने हाल ही में आयोजित आर्मी पोलो एंड राइडिंग क्लब दिल्ली में प्रतिष्ठित आनंद दिल्ली हॉर्स शो 2025 में कितने स्वर्ण पदक जीते हैं?**

(a) 10

(b) 05

(c) 09

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

♦जयपुर की ज़ारा स्विटेंस ने हाल ही में आयोजित आर्मी पोलो एंड राइडिंग क्लब दिल्ली में प्रतिष्ठित आनंद दिल्ली हॉर्स शो 2025 में पांच स्वर्ण पदक, एक रजत पदक और तीन कांस्य पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया।

♦उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने उन्हें अपनी श्रेणी में प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ राइडर ट्रॉफी दिलाई, जिसे रक्षा सचिव, राजेश कुमार ने एक विशेष समारोह में प्रदान किया।

**05. हाल ही में राजस्थान में किस चिकित्सा संस्थान में पहली बार हाइपरट्रॉफिक ऑब्सट्रक्टिव कार्डियोमायोपैथी (HOCM) की सफल सर्जरी की गई?**

**(A) AIIMS जोधपुर**

(B) SMS जयपुर

(C) MDM जोधपुर

(D) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

➥ अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), जोधपुर ने चिकित्सा के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है. AIIMS संस्थान में पहली बार हाइपरट्रॉफिक ऑब्सट्रक्टिव कार्डियोमायोपैथी (HOCM) की सफल सर्जरी की गई, जो एक जटिल और दुर्लभ हृदय रोग है

♦हाइपरट्रॉफिक ऑब्सट्रक्टिव कार्डियोमायोपैथी (HOCM) एक ऐसी स्थिति है जिसमें हृदय की मांसपेशियां असामान्य रूप से मोटी हो जाती है. जिससे रक्त प्रवाह में रुकावट आती है.

♦यह रोग गंभीर लक्षणों जैसे सांस फूलना, सीने में दर्द और बेहोशी का कारण बन सकता है.

**06. हाल ही में राजस्थान में किसके द्वारा डिजी-वन-फोरेस्ट स्टैक' एप का शुभारम्भ किया गया?**

**(A) भजनलाल शर्मा**

**(B) नरेंद्र मोदी**

**(C) अमित शाह**

**(D) इनमें से कोई नही**

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा देशभर के पहले 'डिजी-वन-फॉरेस्ट स्टैक' एप का शुभारम्भ किया गया

♦विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर 21 मार्च को वन विभाग की ओर से विभागीय कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए नवीनतम आईटी तकनीक के उपयोग से विकसित 'डिजी-वन-फॉरेस्ट स्टैक' ऐप का शुभारम्भ किया,

♦जो कि देशभर का पहला डिजिटल फॉरेस्ट स्टेक है.

07. भारत के तीसरे स्वदेशी 700 मेगावाट प्रेसराइज्ड हैवी वाटर रिएक्टर (PHWR) को सफलतापूर्वक कहां शुरू किया गया है?

(a) हरियाणा

(b) गुजरात

(c) राजस्थान

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

➥न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (NPCIL) ने 17 मार्च को राजस्थान में भारत के तीसरे स्वदेशी 700 मेगावाट प्रेसराइज्ड हैवी वाटर रिएक्टर (PHWR) को सफलतापूर्वक चालू कर दिया.

♦इसके साथ ही देश की परमाणु ऊर्जा उत्पादन क्षमता बढ़कर 8,880 मेगावाट हो गई है.

♦ रावतभाटा में राजस्थान परमाणु ऊर्जा परियोजना (RAPP) की यूनिट-7 को 17 मार्च की सुबह 02:37 बजे उत्तरी ग्रिड से जोड़ा गया.

08.प्रदेश में राजस्थान वरिष्ठ मान्यता प्राप्त पत्रकार सम्मान योजना में पात्र पत्रकारों को कितने रुपए प्रतिमाह मानदेय प्रदान किया जाएगा?

(a) 20,000 रुपए

(b) 10,000 रुपए

(c) 15,000 रुपए

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦राजस्थान सरकार ने प्रदेश के पत्रकारों को सम्मानित करने के लिए एक नई पहल की है। राज्य के वरिष्ठ मान्यता प्राप्त पत्रकारों के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सरकार ने 'राजस्थान वरिष्ठ मान्यता प्राप्त पत्रकार सम्मान योजना' शुरू की है।

♦इसके तहत 18 पात्र पत्रकारों को मानदेय प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

♦राजस्थान वरिष्ठ मान्यता प्राप्त पत्रकार सम्मान योजना के तहत 60 वर्ष से अधिक आयु के पात्र पत्रकारों को 15,000 रुपए प्रतिमाह मानदेय प्रदान किया जाएगा।

09. एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी को किस पद पर नियुक्त किया गया है?

(a) वाइस चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ

(b) वाइस चीफ ऑफ द एयर स्टाफ

(c) एयर फोर्स ट्रेनिंग कमांड के प्रमुख

(d) इनमें से कोई नहीं



**Important Facts:**

➥ एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी को 2 मई 2025 से भारतीय वायु सेना के नए वाइस चीफ ऑफ द एयर स्टाफ (VCOAS) के रूप में नियुक्त किया गया है

♦वे एयर मार्शल एस पी धाकर का स्थान लेंगे, जो सेवानिवृत्त हो रहे हैं.

**10. विश्व श्रव्य-दृश्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया था?**

(a) प्रगति मैदान, नई दिल्ली

(b) इंडिया एक्सपो सेंटर, ग्रेटर नोएडा

(c) जियो वर्ल्ड सेंटर, मुंबई

(d) विज्ञान भवन, दिल्ली

**Important Facts:**

➥ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 1 मई को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में पहले विश्व श्रव्य-दृश्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 का उद्घाटन किया।

♦यही नहीं, इस दौरान पीएम मोदी ने भारतीय सिनेमा की 5 दिग्गज हस्तियों: गुरु दत्त, पी. भानुमति, राज खोसला, ऋत्विक घटक और सलिल चौधरी पर स्मारक डाक टिकट भी लॉन्च किया

♦100 से अधिक देशों के कलाकार, निवेशक और नीति निर्माता हुए एकत्र

**Today, Quiz:**

**Q.राजस्थान में वर्ष 2027-28 तक राजस्थान में ब्रह्मा मंदिर कॉरिडोर कहां बनाया जाएगा?**

(A) जोधपुर

(B) अजमेर

(C) बीकानेर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine